


## बर्खास्तगी को चुनौती देने वाली याचिका निरस्त

# हाईकोर्ट का आदेश : निष्पक्षता के विरुद्ध नहीं दे सकते राहत

हरिभूमि जबलपुर।



हाई कोर्ट में एक प्राथमिक शिक्षक ने सेवा से बर्खास्त किए जाने के विरुद्ध याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि याचिकाकर्ता को धोखाधड़ी के प्रकरण में ट्रायल कोर्ट द्वारा सजा से दंडित किया गया है। एकलपीठ ने याचिका निरस्त करते हुए अपने आदेश में कहा है कि न्यायपूर्ण व निष्पक्षता के विरुद्ध न्यायालय अपने अधिकार का उपयोग कर राहत नहीं दे सकता है।

सीहोर निवासी रघुनंदन की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि दायर याचिका में कहा गया था कि वह प्राथमिक शिक्षक के पद पद पदस्थ था। विभागीय जांच के बिना की उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। विभागीय जांच किए बिना सेवा से बर्खास्त किए जाने की कार्यवाही मध्य प्रदेश सिविल सर्विसेज रूल्स के विरुद्घ है।

राज्य शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता वेदप्रकाश तिवारी ने याचिका का विरोध करते हुए दलील दी कि ट्रायल कोर्ट ने याचिकाकर्ता को धारा 420,467 तथा 120 बी के तहत दोषी करार देते हुए सजा से दंडित किया था। जिसके बाद विभाग ने उसे बर्खास्त किया है। सजा से दोषी व्यक्ति को नौकरी में रखना प्रशासनिक हित में नहीं होगा। उसे नैतिक भ्रष्टाचार का दोषी मानने से सजा से दंडित किया गया है। हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश के साथ याचिका को निरस्त कर दिया। साथ ही याचिकाकर्ता के स्वतंत्रता दी है कि सजा के अपील दायर अपील सफल हो जाती है तो बर्खास्ती के विरुद्ध याचिका दायर कर सकता है।

### आवेदन स्वीकार कर परीक्षा में शामिल करने निर्देश

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने कर्मचारी चयन मंडल को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता का आवेदन स्वीकार कर उसे परीक्षा में शामिल करे। याचिकाकर्ता दमोह निवासी वीरेंद्र पटेल की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मंडल ने ग्रुप-थ्री व टू की भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया है। इसमें आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 14 नवंबर 2025 थी। सर्वर की समस्या के कारण याचिकाकर्ता आवेदन जमा नहीं कर पाया। आवेदक की शिकायत के बाद भी कोई कारवाही नहीं की गई। लिहाजा, हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई।

## कुलगुरु ने रखा वीयू का पक्ष, कहा सब कुछ नियम कानून के दायरे

# दावा : पंचगव्य घोटाले के सभी आरोप नकारे

**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (वीयू) में पंचगव्य शोध परियोजना के दौरान हुए कथित घोटाले को लेकर वीयू प्रशासन ने अपना पक्ष सामने रखा। प्रशासन की ओर से कुलगुरु मनदीप शर्मा ने यहां पत्रकारवार्ता में दावा किया कि पशु चिकित्सा यूनिवर्सिटी में किसी तरह का कोई घोटाला नहीं हुआ, उन्होंने सभी आरोपों को पूरी तरह से नकारते हुए कहा कि शोध कार्य के दौरान की गई सभी खरीदारी और अधिकारियों द्वारा की गई यात्राएं पूरी तरह से सरकारी नियमों के दायरे में थीं।

यह विवाद उस वक्त शुरू हुआ जब संभाग कमिश्नर से इस संबंध में शिकायत की गई थी. शिकायत में आरोप लगाया गया था कि शासन से मिली लगभग 1 करोड़ 92 लाख रुपये की राशि का दुरुपयोग किया गया है. आरोप है कि गोबर, गौमूत्र और गमलों जैसी चीजों की खरीदारी में भारी अनियमितता बरती गई और मशीनों की कीमत बाजार भाव से कहीं अधिक दिखाई गई. इसके अलावा शोध के नाम पर अधिकारियों द्वारा 20 से अधिक बार हवाई यात्राएं करने का भी आरोप लगा था।

जिसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर जिला स्तर पर जांच दल गठित किया गया था. प्रेस वार्ता के दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन ने विस्तार से बताया कि एस्टेब्लिशमेंट ऑफ इंडीजीनस कैटल रिसर्च सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ पंचगव्य प्रोडक्ट्स परियोजना को जून 2012 में राज्य स्तरीय समिति द्वारा स्वीकृति मिली थी. डॉ वायपी साहनी इस परियोजना की मुख्य अन्वेषक थीं. प्रशासन का तर्क है कि परियोजना की विस्तृत रिपोर्ट में एक वाहन और आवश्यक यात्राओं का स्पष्ट प्रावधान था।

परियोजना का उद्देश्य स्वदेशी और विदेशी शंकर गौवंश के मूत्र एवं गोबर से बने उत्पादों का तुलनात्मक अध्ययन करना था, जिसे सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है. विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया कि परियोजना के तहत खरीदा गया सारा सामान और उपकरण वर्तमान में संस्थान में मौजूद हैं और क्रियाशील हैं. प्रशासन के अनुसार मध्य प्रदेश शासन के क्रय.विक्रय नियमों का पूरी तरह पालन किया गया है और सभी बिलों का भुगतान ऑडिट के बाद ही किया गया था. हर साल परियोजना के व्यय का ऑडिट कराकर पयोगिता प्रमाण पत्र आरकेवीवा को समय पर भेजा गया है. विवि का दावा है कि सभी वित्तीय लेनदेन पारदर्शी रहे हैं और किसी भी स्तर पर नियमों का उल्लंघन नहीं हुआ है।

## स्टेशन में 4 अवैध वेंडर पकड़े गए

# जीआरपी की कार्रवाई, एसडीएम कोर्ट ने भेजा जेल

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेलवे स्टेशन परिसर में बाहर से खाद्य सामग्री लाकर यात्रियों को बेचने वाले चार अवैध वेंडरों पर शासकीय रेल पुलिस जीआरपी द्वारा कार्रवाई करते हुए उन्हें पकड़ा गया। बाद में उन्हें एसडीएम कोर्ट के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। जीआरपी थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत ने बताया कि आउटर स्टेशन क्षेत्र में अवैध वेंडरों की धरपकड़ का अभियान चलाया गया। इस दौरान चार अवैध वेंडर्स को पकड़ा गया। ये वेंडर्स बाहर से खाद्य सामग्री लाकर स्टेशन परिसर, आउटर क्षेत्र और ट्रेनों में यात्रियों को बेच रहे थे। जीआरपी के अनुसार, इन वेंडर्स के खिलाफ पहले भी यात्रियों से दुर्व्यवहार और अवैध वेंडिंग की शिकायतें मिली थीं।



### इनके खिलाफ कार्रवाई

जीआरपी पुलिस के मुताबिक पुल नंबर दो अन्ना मोहल्ला निवासी दिलीप कुमार कोरी, लाल मिट्टी शुक्ला होटल कांचघर निवासी पवन ठाकुर , पुल नंबर 2 अन्ना मोहल्ला कैंट निवासी विपिन सिंह एवं पुल नंबर दो अन्ना मोहल्ला निवासी छोटेलाल बघेल के खिलाफ कार्रवाई की गई।

### एसडीएम कोर्ट ने भेजा जेल

जबलपुर रेलवे स्टेशन परिसर में अवैध वेंडरों द्वारा वाद-विवाद और मारपीट कर शांति भंग करने की स्थिति उत्पन्न करने पर जीआरपी ने कार्रवाई की है। समझाइश देने के बावजूद न मानने पर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। इसके बाद आरोपियों को एसडीएम कोर्ट रांझी में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### 2 तस्करों से 4 लाख का 8 किलो गांजा जब्त

**जबलपुर।** क्राइम ब्रांच व माढ़ोताल पुलिस की साझा टीम ने कल दीनदयाल चौक माढ़ोताल तालाब के समीप दबिश देकर दो संदेहियों के पिट्ठू बैगों की तलाशी के दौरान दो मोबाइल फोन व 8 पैकिटों में रखा 8 किलो 43 ग्राम गांजा जब्त किया है। उक्त गांजे की कीमत चार लाख रुपये बताई गई है। दोनों आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर गांजा के संबंध में पूछताछ की जा रही है। माढ़ोताल थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि क्राइम ब्रांच व थाना पुलिस की टीम ने कल पेट्रोलियम के दौरान दीनदयाल चौक माढ़ोताल शंकर मंदिर के पास पिट्ठू बैग टांगे खड़े दो लोगों की घैराबंदी कर दबोच लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने नाम अंकित रैकवार व किशन मलिक बताये। आरोपियों के बैगों की तलाशी के दौरान दो मोबाइल फोन तथा 8 पैकिटों में रखा गांजा मिला। जो तौलने पर 8 किलो 43 ग्राम पाया गया।

## मिक्सर वाहन ने एक महिला को कुचला, दूसरी गंभीर

# हादसा : बेलगाम वाहनों की आपाधापी से आक्रोश

हरिभूमि जबलपुर।

विजयनगर थाना अतंर्गत सनातन चौक पर रविवार की दोपहर बजे एक ट्रांजिट मिक्सर वाहन ने एक्सिस सवार दो महिलाओं को रौंद दिया। इस हादसे में एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला गंभीर रुप से घायल हो गई और अस्पताल में जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रही है। घटना के संबंध में विजयनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा दोपहर करीब 12 बजे हुआ। जीरो डिग्री की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रांजिट मिक्सर क्रमांक एमपी 20 एचबी 8558 और विपरीत दिशा से आ रही एक्सिस वाहन के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी चला रही



महिला उछलकर मिक्सर के पहिए के नीचे आ गई। मौके पर ही महिला की मौत हो गई। जिसकी शिनाख्त उसके पास मिली पंजाब नेशनल बैंक की पासबुक के आधार पर कांचघर झंडा चौक निवासी सुषमा सतनामी के रूप में हुई है। पुलिस ने ट्रांजिट मिक्सर को जब्त कर लिया है। हादसे के बाद मिक्सर चालक फरार हो गया। वहीं इस हादसे में एक अन्य महिला गंभीर रुप से घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

### भारी वाहनों की बेलगाम आवाजाही

इस दर्दनाक हादसे से क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि दिनभर भारी वाहनों की आवाजाही बेरोकटोक जारी रहती हैं जिससे आए दिन हादसे हो रहे है। पहले भी कई हादसे हो चुके है। इसके बाद भी यातायात व्यवस्था में कोई सुधार नहीं आया है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि भारी वाहनों की आवाजाही पर सख्ती से नियंत्रण लगाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं को रोका जा सके।

## दुकान से खरीदी 1 लाख की चैन रास्ते में हो गई चोरी

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अतंर्गत अंधेरदेव में सिवनी निवासी एक महिला के बैग में रखा पर्स अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पर्स में सोने की एक चेन व रसीद रखी हुई थी, जिसकी कीमत एक लाख रुपए बताई गई है। कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पथरिया थाना लखनादौन जिला सिवनी निवासी 35 वर्षीय श्रीमति वंदना पटेल गत दिवस छोटा फुहारा के पास सूजी मोहल्ला में अपनी बहन के यहां मेहमानी में आई थी, और अपनी मामी शर्मिला पटेल के साथ दिनांक गत 9 जनवरी को कुचया ज्वैलर्स सराफा बाजार से 9 ग्राम की एक सोने की चैन खरीदी थी। सोने की चैन को दुकानदार ने एक पर्स मे रख कर उसे दे दिया और उसने सोने की चैन वाले पर्स को अपने बैग में रख ली थी। उसके बाद वह अपनी मामी शर्मिला पटेल के साथ पानी की बाटल लेने के लिये अंधेरदेव गई थी बाटल खरीद कर दुकान से आगे गई और एक होटल मे समोसा लिया पैसे देने के लिए अपना बैग देखा तो उसमें सोने की चैन गायब थी। रास्ते में अज्ञात चोर ने सोने की चेन पार कर दी। सोने की चैन की कीमत लगभग एक लाख पांच हजार रूपये की है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303(2) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## कार्रवाई : 4 आरोपी गिरफ्तार, 20 किलो गांजा जब्त

# पुलिस के हाथ लगी गांजे की बड़ी खेप



**जबलपुर।** क्राईम ब्रांच मदनमहल और माढ़ोताल पुलिस की टीम ने आईएसबीटी दीनदयाल चौक और मदनमहल लिंक रोड पर नशे की बड़ी खेप बरामद की है। यहां गांजे की सप्लाई करने आए चार तस्करों को पुलिस ने ग्राहकों के पहुंचने से पहले दबोच लिया। जिनके पास से 20 किलो 681 ग्राम गांजा बरामद किया गया, साथ ही दो मोबाइल भी जब्त किए गए हैं। बरामद किए गए गांजे की कीमत लगभग 10 लाख 34 हजार रुपए आंकी गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम जितेंद्र सिंह ने बताया कि दीनदयाल चौक स्थित शंकर मंदिर के पास माढ़ोताल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हनुमानताल निवासी 19 वर्षीय अंकित रैकवार और 26 वर्षीय अधारताल निवासी किशन मलिक को पकड़ा, जिनकी तलाशी लेने पर उनके बैग में 8 पैकेटों में 8 किलो 43 ग्राम गांजा बरामद किया गया।

### युवक युवती गिरफ्तार

इधर क्राईम ब्रांच और मदनमहल की टीम ने लिंक रोड शराब दुकान के पास दबिश देकर गढ़ा निवासी 23 वर्षीय अभिषेक सोनकर और गौरीघाट निवासी 21 वर्षीय खुशी कौर को गिरफ्तार कर 12 किलो 251 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस अब पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि वे यह खेप कहाँ से लाए थे और शहर में किन-किन लोगों को सप्लाई करने वाले थे।




## सोशल मीडिया पर दोस्ती फिर गिफ्ट-कस्टम का फ्रॉड

# कस्टम फ्रॉड पर पुलिस ने जारी की एडवायजरी

**जबलपुर।** लगातार बढ़ते सायबर अपराधों के प्रति लोगों में जागरुकता लाने जबलपुर पुलिस द्वारा सायबर फ्रॉड को लेकर एडवाइजरी जारी की हैं। इसमें सोशल मीडिया पर दोस्ती फिर धोखाधड़ी और दोस्त, गिफ्ट, कस्टम फ्रॉड की जानकारी देते हुए आमजन से जागरुक रहने की अपील की गई हैं।

### क्या हैं दोस्त-गिफ्ट-कस्टम फ्रॉड

एडवायजरी में बताया गया हैं कि स्कैमर फेसबुक, इंस्टाग्राम पर एनआरआई, आर्मी अफसर, डॉक्टर या बिजनेसमैन बनकर दोस्ती करते हैं, ज़्यादातर दूसरे देश का बताकर भरोसा बनाते हैं। कुछ दिन चैट के बाद कहते हैं कि दोस्ती के लिए महंगा गिफ्ट (ज्वेलरी, आईफोन, घड़ी, डॉलर) भेजा है, अपना एड्रेस दें। फिर पीड़ित को कॉल मैसेज आता है कि एयरपोर्ट कस्टम, कोरियर ऑफिस से बोल रहे हैं, आपके नाम का पार्सल पकड़ा गया है, रिलीज करने के लिए कस्टम ड्यूटी, पेनल्टी, जीएसटी एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग चार्ज, फॉरन करंसी पेनेल्टी आदि के नाम पर पैसे माँगे जाते हैं। जैसे ही पैसा ट्रांसफर होता हैं, अगला बहाना बना कर और पेमेंट माँगी जाती हैं, कुछ प्रकरणों में लाखों तक निकलवा लेते हैं और बाद में सोशल मीडिया/व्हाट्सएप पर ब्लॉक कर देते हैं।

### फ्रॉड से बचने के उपाय

एडवायजरी में कहा गया कि विदेश से गिफ्ट/पार्सल भेजने, और उसके लिए पहले से कस्टम टैक्स भरने की कोई सरकारी प्रक्रिया नहीं है यदि कोई आपसे ऐसे पैसे माँगे तो तुरंत मानें कि स्कैम हैं। ऑनलाइन बने किसी भी नए दोस्त पर आर्थिक भरोसा न करें, जब तक व्यक्ति को ऑफलाइन, वेरिफाइड तरीके से न जानते हों, एक रुपया भी ट्रांसफर न करें। दोस्तों, अधिकारियों के नाम से आए किसी भी मैसेज पर पैसे भेजने से पहले उसी व्यक्ति को पुराने नंबर ऑफिशियल कॉन्टैक्ट पर फोन करके कन्फर्म जरूर करें। सोशल मीडिया या मैसेजिंग ऐप्स पर मिलने वाले दोस्तो की बिना जांच किये रिक्वेस्ट स्वीकार न करे।

### पुलिस द्वारा आमजन से अपील

पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की हैं कि किसी भी अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट, खासकर विदेशी प्रोफाइल या अत्यधिक ग्लैमरस फोटो वाली प्रोफाइल को बिना जाँच-परख स्वीकार न करें, पहले प्रोफाइल की विश्वसनीयता अच्छी तरह जांचें। सोशल मीडिया पर बनी नई दोस्ती पर कभी भी आर्थिक भरोसा न करें, गिफ्ट, कस्टम, इमरजेंसी, बिजनेस, लोन या इन्वेस्टमेंट के नाम पर पैसा माँगा जाए तो सीधे मना कर दें और ऐसे अकाउंट नंबर को रिपोर्ट-ब्लॉक करें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि विदेश से गिफ्ट, पार्सल के नाम पर कस्टम ड्यूटी, पेनल्टी, टैक्स या क्लियरेंस चार्ज के लिए यूपीआई, क्यूआर कोड से पेमेंट माँगना साइबर ठगी का प्रमुख तरीका है, ऐसे किसी भी कॉल/मैसेज पर विश्वास न करें। नागरिकों से पुलिस ने सतर्क रहें, सजग रहें, सुरक्षित रहें की अपील के साथ सायबर क्राईम संबंधित घटना घटित होने की सूचना सायबर सेल जबलपुर के हेल्पलाइन नम्बर 7701050010 अथवा राष्ट्रीय हेल्पलाईन नंबर 1930 पर देने अथवा वेबसाइट डब्ल्युडब्ल्युडब्ल्यु डॉट साइबरक्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकतें हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

# जबलपुर में जुटे देश भर के पैथोलॉजिस्ट, साझा किए चिकित्सा के नए सूत्र

## पैथोलॉजी में एआई के असर पर मंथन

# विशेषज्ञ बोले, मशीन नहीं ले सकती डॉक्टर की जगह

**जबलपुर।** शहर में आयोजित 16वीं एमपी पैथकॉन 2026 कॉन्फ्रेंस के अंतिम दिन चिकित्सा जगत के विशेषज्ञों ने पैथोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी में हो रहे बड़े बदलावों पर मंथन किया। इस वैज्ञानिक सत्र में देशभर के वरिष्ठ डॉक्टरों ने भाग लिया और गंभीर बीमारियों के सटीक निदान के लिए आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया।



### कैंसर निदान और गंभीर बीमारियों पर वैज्ञानिक विमर्श

सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञों ने कैंसर और अन्य जटिल बीमारियों के निदान के लिए नए प्रोटोकॉल पर चर्चा की। मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग व इंडियन एसोसिएशन ऑफ पैथोलोजिस्ट एन्ड माइक्रोबायोलॉजिस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का समापन दीक्षांत समारोह के साथ हुआ, जहाँ आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय तोतड़े व डॉ. शिशिर चनपुरिया सहित सभी सदस्यों द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर आयोजन से जुड़ी स्मारिका का विमोचन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन ने जबलपुर को चिकित्सा शिक्षा और शोध के एक बड़े केंद्र के रूप में स्थापित किया है। इस अवसर पर डॉ. रानू तिवारी सहित डॉ. ओपी भार्गव, डॉ. शिशिर चनपुरिया, डॉ. राजेश महोबिया,डॉ. शिव चंद्राकर, डॉ. सीमा दयाल, डॉ. विजय श्रीवास्तव, डॉ. सविता वर्मा, डॉ. नीरज सेठी, डॉ. कुलदीप बजाज, डॉ. नीरज सचदेवा, डॉ. राधिका नंदवानी और डॉ. भरत पुनासे की उपस्थिति रही।

### एक मंच पर आए अनेक दृष्टिकोण

कॉन्फ्रेंस के वैज्ञानिक सत्र के दौरान डॉ. एकता शाह ने एंडोमेट्रियल ट्यूमर की रिपोर्टिंग में आणविक प्रगति के महत्व को समझाया, जबकि डॉ. एमसी शर्मा ने ब्रेन ट्यूमर (ग्लियल ट्यूमर) के निदान के लिए एकीकृत दृष्टिकोण साझा किया। इसके साथ ही, डॉ. दीप्ति चौरसिया ने स्क्रब टाइफस जैसी बीमारियों में पैथोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी के आपसी तालमेल को जरूरी बताया। डॉ. फराह जलाली ने त्वचा के मेलानोसाइटिक घावों और डॉ. राकेश गुप्ता ने माइकोलॉजी के केस-आधारित पहलुओं पर अपने विचार रखे। पैनल डिस्कसन सत्र में डॉ. सुनीत गुजराल (टाटा मेमोरियल, मुंबई),डॉ. शिशिर चानपुरिया, डॉ. यूएम शर्मा, डॉ. ब्रजेन्द्र शर्मा, डॉ. विनय छत्तानी और डॉ. अनिमेष आड़े व डॉ. राजेश महोबिया की भूमिका चेयरपर्सन की रही।

### क्या एआई ले लेगा डॉक्टरों की जगह

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था कि क्या AI माइक्रोस्कोपी की जगह ले लेगा, इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. रानू तिवारी मिश्रा और डॉ. नीरज सचदेवा की मॉडरेट की गई इस चर्चा में विशेषज्ञों ने माना कि तकनीक और AI निदान की प्रक्रिया को तेज और सटीक तो बना सकते हैं, लेकिन वे एक अनुभवी पैथोलॉजिस्ट की क्लिनिकल समझ और मानवीय निर्णय लेने की क्षमता का स्थान कभी नहीं ले सकते। चर्चा में डॉ. सुमीत गुजराल, डॉ. संजीव सिंह और सहित अन्य दिग्गजों ने अपने तर्क रखे। कार्यक्रम का समापन दीक्षांत समारोह के साथ हुआ, जिसमें मेधावी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

### रक्त विज्ञान व बायोप्सी पर मंथन

इसी क्रम में, रक्त विज्ञान और जटिल बायोप्सी प्रक्रियाओं पर गहन चर्चा हुई। डॉ. सुमीत गुजराल ने ट्रेफिन बायोप्सी की व्याख्या के सूक्ष्म पहलुओं को समझाया, वहीं डॉ. राजेश बी. सावंत ने ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन के क्षेत्र में हो रही हालिया प्रगति से अवगत कराया। पैनल चर्चा के दौरान डॉ. एसके सूत्रकार, डॉ. मनीष सुल्या, डॉ. अर्चना श्रीवास्तव और डॉ. ज्योति प्रियदर्शिनी ने तकनीकी भविष्य पर अपने विचार रखे। इस दौरान डॉ. रश्मि, डॉ. कुलदीप, डॉ. रजनी, डॉ. आशीष और डॉ. अमित सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों ने विभिन्न सत्रों में सक्रिय सहभागिता कर ज्ञानवर्धन किया। .



# फ्लाई ओवर : गंदगी की सफाई और धुलाई करने महापौर ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि जबलपुर।

शहर की आबोहवा को शुद्ध बनाने और स्वच्छता रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए नगर निगम ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी अभियान के तहत आज महापौर श्री अन्नू ने एक अनूठी पहल करते हुए स्वयं सड़कों और फ्लाईओवर्स की सफाई व धुलाई का मोर्चा संभाला।

- सफाई मित्रों के उत्साहवर्धन के लिए महापौर ने उनके साथ की धुलाई
- वायु गुणवत्ता और स्वच्छता अभियान को बेहतरीन रखने सफाई एवं धुलाई कार्य की गति तेज
- वायु गुणवत्ता और स्वच्छता में रैंकिंग सुधाने महापौर ने झोंकी पूरी ताकत : 4500 सफाई मित्र और 400 गाड़ियॉ सफाई और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए मैदान में
- स्वच्छता के 'महायुद्ध' में खुद उतरे महापौर : फ्लाईओवर पर संभाला मोर्चा, सफाई मित्रों का बढ़ाया जोश

### सफाई मित्रों के साथ मिलकर की धुलाई

महापौर सुबह-सुबह लाव-लश्कर के साथ शहर के मुख्य फ्लाई ओवर पर पहुंचे। वहां उन्होंने न केवल कार्य का निरीक्षण किया, बल्कि खुद हाथ में पानी की पाइप थामी और सफाई मित्रों के कंधे से कंधा मिलाकर फ्लाई ओवर की धुलाई की। महापौर को अपने बीच पाकर सफाई मित्रों का उत्साह दोगुना हो गया। महापौर ने कहा कि "सफाई मित्र हमारे शहर के असली हीरो हैं, और उनके मनोबल को बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

### वायु गुणवत्ता सुधारने पर विशेष जोर

बढ़ते प्रदूषण और धूल के कणों को नियंत्रित करने के लिए इस बार विशेष रणनीति अपनाई गई है। सड़कों और फ्लाई ओवर्स की जमी धूल को हटाने के लिए व्यापक स्तर पर धुलाई कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में 4500 सफाई मित्र और 400 गाड़ियां शहर के कोने-कोने में सफाई और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए तैनात की गई हैं।

## यह प्रकृति से जुड़ाव और आध्यात्मिक अनुभव की यात्रा है: डॉ पुष्पराज पटेल

# मां नर्मदा की पंचकोशी यात्रा केवल शारीरिक यात्रा नहीं बल्कि स्वयं की खोज

हरिभूमि जबलपुर।

आज एम पी ई बी मॉर्निंग वॉकर्स का हरे कृष्णा आश्रम से माँ नर्मदा मैया की पंचकोशी यात्रा का शुभारंभ हुआ। हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पराज पटेल जी के नेतृत्व में पंच कोशी यात्रा का यह दूसरा वर्ष रहा. जिसमे बड़ी संख्या मे माँ नर्मदा जी के भक्त शामिल हुए। डॉ पुष्पराज पटेल जी ने बताया कि माँ नर्मदा मैया की यह यात्रा केवल एक शारीरिक यात्रा नहीं, बल्कि स्वयं की खोज, प्रकृति से जुड़ाव और आध्यात्मिक अनुभव की यात्रा है, जहाँ व्यक्ति धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष (चतुर्विध पुरुषार्थ) प्राप्त करने की कोशिश करता है। शास्त्र में भी ऐसा ही कहा गया है।

नर्मदे हर के उद्घोष के साथ भव्यता से निकाली गई मां नर्मदा की पंचकोशी यात्रा



माँ सरस्वती में तीन दिन, यमुना में सात दिन और गंगा मैया में एक दिन स्नान करने से जो पुण्य मिलता है, वह माँ नर्मदा मैया के दर्शन मात्र से प्राप्त हो जाता है।

### यात्रा में आरती और भजन

पंचकोशी यात्रा या सामान्य नर्मदा परिक्रमा के दौरान श्रद्धालू उद्घोष कहते हुए आगे बढ़ रहे थे।

### यात्रा के दौरान सबसे प्रचलित उद्घोष

'नर्मदे हर' या 'हर हर नर्मदे' इसका अर्थ है 'माँ आनंद देने वाली' और यह भगवान शिव और माँ नर्मदा के अटूट संबंध को दर्शाता है। यात्रा में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पराज पटेल, डॉ.के.के.वर्मा, डॉ. अनुपम श्रीवास्तव, डॉ. गुलाब तिवारी, राजेश गुप्ता, अंशुल ब्यौहार, रोहित यादव, सचिन उपाध्याय, सैयद सुजाता हुसैन, अनुराग साहू, आलोक आसाठी, प्रदीप जैन, हेमंत बड़गैया आदि श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर यात्रा का पुण्य लाभ लिया।

## फ्लोराइड युक्त पानी पीने विवश क्षेत्रीय नागरिक

# नर्मदा जल की राह निहार रहे बरेला निवासी, योजना अभी तक अपूर्ण

**बरेला।** लगभग एक दशक पूर्व पनागर विधायक सुशील तिवारी द्वारा नगर वासियों को फ्लोराइड मुक्त जल उपलब्ध कराने के लिए स्वच्छ निर्मल जल के लिए नर्मदा नल जल योजना की घोषणा की गई थी जिस पर अमल करते हुए प्रशासन द्वारा लगभग 20 करोड़ की लागत से नगर में विगत 5 वर्ष से नर्मदा जल योजना का काम चल रहा है जो कि आज दिनांक तक अपूर्ण हैं। नर्मदा नल जल योजना की कछुआ गति के कारण लोगों को अभी तक फ्लोराइड युक्त पानी पीने विवश होना पड़ रहा है। वर्तमान में जहां एक और इंदौर में घटित हुई पानी जनित बीमारियों के कारण अनेक लोग काल कलवित हो गए तो वहीं दूसरी ओर नगर में लोगों को स्वच्छ जल के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि नर्मदा नल जल योजना अंतर्गत नगर वासियों को शुद्ध जल मिलने की उम्मीद है किंतु ठेकेदार की लचर कार्यप्रणाली की वजह से अभी तक लोगों को नर्मदा जल नसीब नहीं हो पा रहा है। योजना का आलम यह है कि वर्तमान में नगर के अनेक वार्डों में अभी तक पाइपलाइन ही डाली जा रही है तो वहीं दूसरी ओर फिल्टर प्लांट का काम भी चल रहा है। योजना को चालू हुए 5 वर्ष का समय हो चुका है किंतु इसके बावजूद भी अभी तक नल जल योजना पूर्ण नहीं हो सकी है। नल जल योजना के ठेकेदार द्वारा कछुआ गति से कार्य किया जा रहा है। इसकी वजह से इस योजना को पूर्ण होने में लंबा समय लग रहा है ठेकेदार द्वारा अभी तक नगर की संपूर्ण घरों में नल कनेक्शन तक नहीं किए गए हैं तो वहीं दूसरी ओर सीलूआघाट से लेकर फिल्टर प्लांट तक मुख्य लाइन भी नहीं बिछ पाई है। ठेकेदार की कछुआ गति की वजह से नगर वासियों को नर्मदा जल मिलने में निरंतर विलंब हो रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भी इस संबंध में ठोस पहल न करने के कारण ठेकेदार मनमर्जी से कार्य कर रहा है । ज्ञात होने की नगर में भी 2007-8 में महामारी की वजह से दर्जनों मौतें हो चुकी है। मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट द्वारा संचालित योजना की धीमी गति नगर वासियों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। फ्लोराइड युक्त पानी की वजह से यहां के नोनीहालों के द्धांत और बुजुर्गों की हड्डियां भी खराब हो रही हैं। नर्मदा जल योजना नगर वासियों के लिए वरदान साबित हो सकती है किंतु ठेकेदार की कछुआ प्रणाली की वजह से लोगों को अभी भी स्वच्छ जल के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। नगर में जन चर्चा का विषय बना हुआ है कि नर्मदा नल जल योजना से और नगर वासियों का पानी मिल पाएगा की भी नहीं। नगर वासियों ने अति शीघ्र इस योजना को पूर्ण करने की मांग कलेक्टर महोदय से की है।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों मरीजों को मिला लाभ

**सिहोरा।** पौराणिक अद्भुत विद्या शोध संस्थान एवं हम हैं न फाउंडेशन के तत्वावधान में अमृत सिटी हॉस्पिटल उखरी चौक एवं सिद्धेश्वर धाम सिद्ध मंदिर के संयुक्त सहयोग से उमरिया बुड़ई,मझौली में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों ग्रामवासियों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। शिविर में आकर्षण



महाराज के सानिग्ध में जबलपुर शहर के जाने.माने विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। जिसमें नाक,कान,गला रोग विशेषज्ञ डॉ संचय चौकसे,हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ हर्षा रेड्डी,जनरल सर्जन डॉ दिनेश कटेहा,हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ जितेन्द्र लोधी,डॉ दिव्या चौकसे,स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शैलजा गुप्ता,शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ रश्मि प्रजापति एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शालम अम्रवंशी द्वारा मरीजों की जांच कर उचित परामर्श व उपचार के अलावा दवाईयां भी प्रदान की गई। आकर्षण महाराज के सान्निध्य में आयोजित शिविर में सेवा कार्य को और अधिक ऊर्जा मिली। उन्होंने श्री सिद्ध महोत्सव के धार्मिक आयोजन में ग्रामवासियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कराकर एक अनूठा प्रयास किया। जिसमें अमृतसिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर शरद विश्वकर्मा ने अपनी महत्वपूर्ण सेवा प्रदान की। आयोजक संस्थाओं ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी चिकित्सकों,सेवाभावी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहितकारी आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

# रायन इंटरनेशनल स्कूल, सेंट जेवियर्स शांति नगर व गुप्तेश्वर के कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई

**जबलपुर।** रायन इंटरनेशनल ,सेंट जेवियर स्कूल शांति नगर एवं सेंटजेवियर स्कूल गुप्तेश्वर जबलपुर में 10.01.26 को कक्षा दसवीं-बारहवीं के विद्यार्थियों के सम्मान में गरिमामय एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर उल्लास, स्नेह और स्मृतियों से भर गया। कार्यक्रम में अनुजों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, स्वागत गीत एवं प्रेरणादायक वक्तव्य प्रस्तुत किए गए। कक्षा दसवी एवं बारहवीं के विद्यार्थियों ने विद्यालयी जीवन के अनुभव साझा किए, जिससे वातावरण भावुक हो उठा। कार्यक्रम का शुभांरभ बाईबल पठन एवं यीशु मसीह के भक्ति गीतों के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि "आप सभी विद्यालय की पहचान हैं, और हमें विश्वास है कि आप जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करेंगे।" समारोह के अंत में विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न भेंट किए गए तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह विदाई समारोह विद्यार्थियों के लिए एक अविस्मरणीय स्मृति बन गया। कार्यक्रम शाला चेयरमैन डॉ. ए.एफ पिंटो एवं मैनेजिंग डायरेक्टर ग्रेस पिंटो के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# मुनिश्री प्रमाण सागर का नगर आगमन कल

**जबलपुर।** आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य गुणायतन प्रणेता मुनि श्री प्रमाण सागर का जबलपुर नगरी में आगमन सुनिश्चित हुआ है। महाराजश्री सोमवार को प्रातः नक्षत्र नगर से अमृत तीर्थ पहुँचेंगे जहाँ पर आहार चर्या सम्पन्न होगी। दोपहर में सामायिक के पश्चात शिवनगर जैन मंदिर में आगमन होगा। रात्री विश्राम शिवनगर में होगा। मंगलवार 13 जनवरी को शिवनगर जैन मंदिर से दोपहर में 1 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी जो कि दमोह नाका, मिलौनीगंज, कोतवाली, सराफा, कमानिया, बड़ा फुहारा, गंजीपुरा, मालवीय चौक होकर आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, गोलबाजार में समाप्त होगी। दिगम्बर जैन पंचायत सभा के अध्यक्ष कैलाशचंद जैन,प्रधानमंत्री अनिल जैन 'गुड्डा',कोषाध्यक्ष सतीश वर्धमान, मुकेश फड़ीस, सुजीतभाऊ, अमित पड़रिया, जैन नवयुवक सभा के अध्यक्ष नितिन बोंटिया, प्रधानमंत्री शुभम जैन, डी. एन. जैन बोर्डिंग हाउस सोसायटी के अध्यक्ष सत्येंद्र जैन 'जुग्गू',प्रधानमंत्री संजय सिंघई (आर.व्ही), आदिनाथ समिती के शैलेष आदिनाथ, प्रकाश पटैल ने सकल जैन समाज से अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने का आग्रह किया है।

# शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ आज से



**मझौली।** भगवान श्री बिष्णु वाराह की असीम कृपा से पिछले कई वर्षो से महिला मण्डल मझौली के द्वारा प्रतिवर्ष महापुराण का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी 12 जनवरी दिन सोमवार से 19 जनवरी तक संगीतमय शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है कथा स्थल विष्णु वाराह मंदिर प्रांगण। कथा वाचक पंडित गिरधारी शरण जी महाराज (श्री वृन्दाधाम)। कथा नित्य प्रतिदिन दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक होगी। यह आयोजन संगीत में महिला मंडल मझौली के द्वारा किया जा रहा है।

# पनागर में कृषक कल्याण वर्ष 2026 का हुआ शुभारंभ

**पनागर।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम का भव्य आयोजन दिनांक 11 जनवरी 2026 को इफको बाजार, पनागर सत्यप्रकाश स्कूल के पास किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक श्री सुशील इंदु तिवारी द्वारा



हरी झंडी दिखाकर किया गया, जिससे कृषक कल्याण अभियान का औपचारिक आगाज हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री पंकज शर्मा, पनागर सहित कृषि विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में किसानों को शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं, आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीज, उर्वरक एवं कृषक हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई विधायक श्री सुशील इंदु तिवारी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि कृषक कल्याण वर्ष 2026 किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक खेती को बढ़ावा देने और 'समृद्ध किसान–समृद्ध प्रदेश' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान भाइयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की सराहना की। किसानों ने आधुनिक तकनीकों एवं सरकारी सहायता से खेती को अधिक लाभकारी बनाने के प्रति रुचि दिखाई कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर, सशक्त और आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़ना रहा, जिसे लेकर उपस्थित किसानों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## श्रद्धांजलि एवं स्मृति सभा का आयोजन

# हरिशंकर परसाई के बाद जबलपुर की पहचान थे ज्ञानरंजन

**जबलपुर।** पहल के संपादक व विख्यात कथाकार ज्ञानरंजन की स्मृति में शनिवार को एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस श्रद्धांजलि व स्मृति सभा में जबलपुर के साहित्यकार, संस्कृतिकर्मी, कलाकार, रंगकर्मी, प्राध्यापक, चिकित्सक, विद्यार्थी व समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उपस्थित होकर ज्ञानरंजन को श्रद्धांजलि अर्पित कर अपनी भावनाएं व्यक्त की। श्रद्धांजलि सभा में विशेष रूप से मुंबई, नागपुर, इलाहाबाद, इंदौर, भोपाल, कटनी जैसे शहरों के साहित्यकार व पहल के पाठकों ने उपस्थित होकर अपने प्रिय लेखक व संपादक को श्रद्धांजलि दी। सबने माना कि ज्ञानरंजन, हरिशंकर परसाई के बाद जबलपुर की पहचान थे और अब जबलपुर के पास कोई प्रतीक नहीं बचा।

जीएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य व कथाकार कुंदन सिंह परिहार ने कॉलेज अध्यापन के दौरान के प्रसंग सुनाते हुए कहा कि ज्ञानरंजन ने युवावस्था में ही हिन्दी की श्रेष्ठ कहानी लिखकर ख्याति अर्जित कर ली थी।



साहित्यकार राजेन्द्र चंद्रकांत राय ने कहा कि उन के साथ जबलपुर के साहित्यकारों को ज्ञानरंजन से आधी शताब्दी की छाया मिली। उन्होंने कहा कि ज्ञानरंजन ने पहल को विचारवान पत्रिका बनाया। कथाकार तरुण भटनागर ने कहा कि ज्ञानरंजन हिन्दी साहित्य की दुनिया में एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने डेमोक्रेटिक स्पेस बनाया। मनोहर बिल्लौरे ने कहा कि ज्ञानरंजन युगांतर व्यक्ति थे। वे नहीं रहे यह कहना गुस्ताखी होगा। ज्ञानरंजन का जुझारू व दृढ़ व्यक्तित्व सदैव प्रेरणादायी रहेगा। उन्होंने ज्ञानरंजन के संवाद व सम्पर्क गुण को अद्भुत बताया। डा. निशा तिवारी ने कहा कि ज्ञानरंजन ने पहल के माध्यम से जबलपुर को साहित्यिक केन्द्र के रूप में स्थापित किया। कथाकार राजेन्द्र दानी ने कहा कि वे ज्ञानरंजन की कहानी पढ़कर कथाकार बने। उन्होंने कहा कि ज्ञानरंजन शोक को नापसंद करते थे।

राजीव कुमार शुक्ल ने कहा कि ज्ञानरंजन मृत्यु को उत्सव के रूप में देखते थे। वे जीनियस थे। कथाकार व ज्ञानरंजन के सहयोगी पंकज स्वामी ने कहा कि ज्ञानरंजन में मानवीय गुण व संवेदनशीलता कूट कूट कर भरी थी। उनका संसार साहित्य तक सीमित नहीं था बल्कि समाज के प्रत्येक हिस्से में उनके प्रशंसक थे। इंदौर के सुरेश पटेल ने कहा कि ज्ञानरंजन ने कबीर विचारधारा के प्रचार प्रसार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चित्रकार अवधेश बाजपेयी ने ज्ञानरंजन के कला बोध की सराहना करते हुए कहा कि उनसे सीखने को बहुत मिला। मध्यप्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन की जबलपुर इकाई के अध्यक्ष कुंदन सिद्धार्थ ने कहा कि ज्ञानरंजन को चाहने व प्यार करने वाले पूरे देश भर में है। श्रद्धा सुनील ने कहा कि ज्ञानरंजन ने नवोदित को खूब प्रोत्साहन दिया। गीता शरत तिवारी, डा. स्मृति शुक्ला, अनामिका तिवारी, डा. सुधीर तिवारी, विवेक चतुर्वेदी सहित अन्य लोगों ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए।

